दैनिक
# पद्मावत मीडिया

Reg.No.MH18D0030877 •ई-पेपर• •न रिश्वत लेंगे, न रिश्वत देंगे•

www.padmavatmedia.in | Mo. 9594542679 | Email- padmavatmedia@gmail.com

वर्ष : 10 • डिजिटल अंक : 233 • मुंबई, गुरुवार, 02 मई , 2024 • प्रधान सम्पादक : पवन जैन पद्मावत • पृष्ठ : 2 • मूल्य-0.00 निःशुल्क •


## दिल्ली एनसीआर के 13 स्कूलों में बम की सूचना से हड़कंप







**नई दिल्ली ।** दिल्ली एनसीआर में डीपीएस सहित 13 स्कूलों में बम होने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही पुलिस के होश उड़ गए। तत्काल बम निरोधक दस्ते ने स्कूलों को अपने सुरक्षा घेरे में लिया और तलाश शुरु कर दी। इधर स्कूली बच्चों के पेरेंटस भी सूचना मिलते ही स्कूल पहुंच गए। दिल्ली पुलिस के अधिकारियों ने बताया कि फिलहाल बम की तलाश में अभियान चलाया जा रहा है।

उधर, पूर्वी दिल्ली के मयूर विहार में स्थित मदर मैरी स्कूल में भी बम होने की सूचना है। पुलिस ने बताया कि बुधवार सुबह ई-मेल के जरिये मदर मैरी स्कूल में बम होने की सूचना दी गई थी। संस्कृति स्कूल में भी बम की सूचना मिली है। इस तरह दिल्ली के 13 बड़े स्कूलों में बम की सूचना से खलबली मची हुई है। दिल्ली पुलिस के अधिकारियों ने बताया कि स्कूल परिसर को खाली करवाकर सर्च किया जा रहा है, ताकि यदि कहीं बम हो तो उसे निष्क्रिय किया जा सके। दिल्ली पुलिस के अधिकारियों ने बताया कि डीपएस द्वारका से स्कूल में बम होने की सूचना मिली थी। सूचना के तत्काल बाद दिल्ली पुलिस की टीम के साथ बॉम्ब डिस्पोजल स्क्वॉड और अग्निशमन विभाग की एक टीम को मौके पर भेज दिया गया है। साथ में दमकल की गाड़ियां भी डीपीएस द्वारका पहुंच गई हैं। फिलहाल पूरे स्कूल परिसर में सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है, ताकि बम के बारे में स्थिति स्पष्ट हो सके। दूसरी तरफ, स्कूल में बम होने की सूचना से हड़कंप मचा हुआ है।

बता दें कि इससे पहले इसी साल फरवरी में दक्षिण के आरके पुरम स्थित एक निजी स्कूल को बम विस्फोट की धमकी मिली थी। पुलिस ने बताया कि इस जानकारी के बाद स्कूल परिसर को तत्काल खाली करा लिया गया था और विस्फोटक सामग्री का तलाशी अभियान शुरू किया गया था। लाल बहादुर शास्त्री स्कूल को पिछले साल सितंबर में भी ईमेल कर किसी ने इसी प्रकार की धमकी दी थी, जो बाद में केवल अफवाह निकली थी। इसी तरह पहले भी मथुरा रोड स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल को भी पिछले साल मई के महीने में इसी तरीके से ईमेल मिला था। उस समय भी स्कूल में बम होने की बात अफवाह ही साबित हुई थी।

**इन स्कूलों में बम की सूचना**

बुधवार सुबह दिल्ली के 13 स्कूलों में बम होने की पीसीआर कॉल मिलने से दिल्ली पुलिस हरकत में आ गई। यह कोई साजिश है या किसी की शरारत, फिलहाल दिल्ली पुलिस इस मामले की छानबीन कर रही है। नई दिल्ली जिला के चाणक्यपुरी थाना क्षेत्र में स्थित संस्कृति स्कूल, पूर्वी दिल्ली के मयूर विहार में स्थित मदर मैरी स्कूल, द्वारका और बसंत विहार डीपीएस स्कूल में बम होने की सूचना से खलबली मच गई। इसे अलावा डीएवी स्कूल और साकेत स्थित एमिटी स्कूल (साकेत) में भी बम होने की सूचना मिली है। नोएडा और ग्रेटर नोएडा में स्थित डीपीएस में भी बम होने की सूचना मिली है। अभी तक कुल 13 स्कूलों में बम होने की सूचना मिली है। सभी संबंधित स्कूलों के बच्चों को घर भेज दिया गया है। दिल्ली पुलिस के अधिकारियों ने बताया कि डीपएस द्वारका से स्कूल में बम होने की सूचना मिली थी। सूचना के तत्काल बाद दिल्ली पुलिस की टीम के साथ बॉम्ब डिस्पोजल स्क्वॉड और अग्निशमन विभाग की एक टीम को मौके पर भेज दिया गया है। साथ में दमकल की गाड़ियां भी डीपीएस द्वारका पहुंच गई हैं। फिलहाल पूरे स्कूल परिसर में सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है, ताकि बम के बारे में स्थिति स्पष्ट हो सके. दूसरी तरफ, स्कूल में बम होने की सूचना से हड़कंप मचा हुआ है।

## युवती ने फतहसागर झील में कूदकर सुसाइड कर लिया, अंबामाता थाना क्षेत्र की घटना, फिलहाल नहीं हो पाई युवती की पहचान

पद्मावत मीडिया



**उदयपुर ।** जिला के अंबामाता थाना क्षेत्र में बुधवार देर शाम एक युवती ने फतहसागर झील में कूदकर सुसाइड कर लिया। दूर खड़ी एक महिला ने मृतक युवती को झील में छलांग लगाते हुए देखा। उसने आसपास लोगों को सूचना दी। कुछ ही देर में आपदा प्रबंधन नागरिक सुरक्षा विभाग उदयपुर की टीम मौके पर पहुंची। गोताखोर विजय नकवाल, शंकर वाल्मिकी व विपुल चौधरी की टीम ने करीब 15 मिनट में युवती शव को झील में से ढूंढकर बाहर निकाला।

साथ ही सूचना पर अंबामाता थाना पुलिस भी घटना स्थल पहुंची और शव को एमबी सरकारी हॉस्पिटल मोर्चरी में शिफ्ट कराया। पुलिस के अनुसार महिला की फिलहाल शिनाख्त नहीं हो पाई है। पुलिस इस बारे में पता लगाने में जुटी है। साथ ही महिला के सुसाइड के पीछे क्या कारण रहा, इस बारे में भी जांच कर रही है।

## अवैध पिस्टल के साथ दो वांछित को कांकरोली पुलिस ने किया गिरफ्तार

पद्मावत मीडिया



**राजसमंद ।** जिला के कांकरोली पुलिस ने भीलवाड़ा जिले के 2 शातिर बदमाशों को अवैध पिस्टल व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। कांकरोली पुलिस थाना के पुलिस निरीक्षक हनवन्त सिंह सोढ़ा के अनुसार पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी के निर्देशन में थाना सर्कल में आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम लिए अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम में काकंरोली पुलिस ने भीलवाड़ा के विभिन्न मामलों में वांछित दो बदमाशों को नाकाबंदी के दौरान गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने आरोपियों से अवैध पिस्टल व कारतूस जब्त कर लिए हैं। जिसके बाद पुलिस ने मुरली उर्फ राहुल (35) पुत्र भागीरथ कुमावत निवासी 28-ए 20 बापूनगर थाना प्रतापनगर भीलवाड़ा और मयंक तापडिया (19) पुत्र ओमप्रकाश जटिया निवासी न्यू हाउसिंग बोर्ड शास्त्री नगर थाना कोतवाली भीलवाड़ा को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार बदमाश भीलवाड़ा का हिस्ट्रीशीटर है। जिनके खिलाफ भीलवाड़ा जिले के रायला, माण्डल, करेडा, कोतवाली, सुभाष नगर, रायपुर, सदरपुर एवं प्रतापनगर थानों मे फिरौती मांगने सहित हथियार रखने के सम्बन्ध में करीब 15 मामले दर्ज हैं।

पुलिस ने बताया कि मुरली उर्फ राहुल के द्वारा भीलवाडा शहर में 007 नाम की गैंग चलाई जाती है। स्वयं को लॉरेन्स विश्नोई गैंग का सदस्य बताकर लोगों को हथियार दिखाकर डरा धमका कर फिरौती मांगता है। वहीं, बदमाश मयंक तापडिया ने भी दो वर्ष पूर्व भीलवाडा शहर के इब्राहीम पठान की हत्या की थी। इस मामले में गिरफ्तार होने के बाद दो माह पूर्व ही जमानत पर छूटा था। मयंक तापडिया के विरूद्ध आर्म्स एक्ट एवं एससी/एसटी एक्ट के तहत भी प्रकरण दर्ज है।

## सलूंबर जिला गठन के बाद पहली बार सलूंबर पुलिस के साइबर टीम को 75 मोबाइल बरामद करने से मिली सफलता





पद्मावत मीडिया

**सलूंबर ।** जिला नवगठित के बाद विभिन्न थानों में गुमशुदा मोबाइलों की खुलासा करते हुए साईबर टीम द्वारा बरामद । जिला पुलिस अधीक्षक अरशद अली ने बताया कि सलूंबर जिला गठन के बाद साइबर सेल गठित किया। जिले में साइबर अपराध और मोबाइल चोरी की वारदात की लगातार शिकायतें मिल रही थी । जिस पर एक विषय टीम का गठन किया गया टीम गठित कर 15 दिन की मेहनत के बाद लगभग 75 मोबाईल बरामद किए गए। जिनकी बाजारी क़ीमत 12 लाख है । मोबाइल को उनके मालिक को को सुपुर्द किया । कुछ मोबाइल बाकी है और सुपुर्द किए जाएंगे । साथ ही बताया कि इस खुलासे में साइबर टीम की कड़ी मेहनत रही है । साइबर टीम द्वारा जिले के थानो से मोबाईल गुमशुदगी का रिकॉर्ड प्राप्त कर तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर उदयपुर, खेरवाडा, ऋषभदेव, धरियावाद, अहमदाबाद गुजरात, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र मोबाईल बरामद किये गये । एसपी ने आम जनता से अपील करते हुए बताया कि भविष्य में किसी भी व्यक्ति को कहीं गिरा हुया मोबाईल अगर मिलता है, तो उसे अपने पास रखने के बजाय अपने नजदीकी पुलिस थाने में जमा कराये एवं किसी से भी बिना बिल के कोई भी मोबाईल ना खरीदें ।मोबाइल दुकानदारों से अपील है कि अपने दुकान पर कोई ग्राहक मोबाइल को अनलॉक कराने या मोबाइल बेचने आता है तो सर्वप्रथम दुकानदार उस मोबाइल का बिल अवश्य मांगे तथा बिल एवं ग्राहक के आधार कार्ड की फोटोकॉपी लेकर रिकॉर्ड अपनी दुकान पर रखें ।

**खुलासे में इनकी रही भूमिका**

वीना लोठ पुलिस निरीक्षक अपराध सहायक, साइबर सेल, सलूम्बर से ईश्वर सिंह हेड कानि, हितपाल सिंह कानि, हेमेन्द्र सिंह कानि, कल्पना, मोहन कुंदर महिला कानि की टीम भूमिका रही ।

## सीबीआई ने की 30 स्थानों पर छापेमारी

**नई दिल्ली ।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने दिल्ली, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु और कर्नाटक सहित 10 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में 30 स्थानों पर एक व्यापक राष्ट्रव्यापी तलाशी अभियान चलाया है। बता दें कि ऐप आधारित धोखाधड़ी वाली निवेश योजना से संबंधित मामले की जांच चल रही है। तलाशी में मोबाइल फोन, कंप्यूटर हार्ड ड्राइव, सिम कार्ड, एटीएम/डेबिट कार्ड, ईमेल खाते और विभिन्न आपत्तिजनक दस्तावेजों सहित महत्वपूर्ण डिजिटल साक्ष्य जब्त किए गए हैं। अधिकारियों ने बुधवार को कहा कि सीबीआई ने एचपीजेड टोकन ऐप से जुड़ी धोखाधड़ी वाली निवेश योजना में मामला दर्ज करने के बाद 10 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 30 स्थानों की तलाशी ली गई है।

## भारतीय जनता पार्टी मंडल झल्लारा की ओर से जिला कलेक्टर को दिया गया ज्ञापन



पद्मावत मीडिया

**संवाददाता ईश्वरलाल सुथार**

**सलूंबर ।** जिले की पंचायत समिति झल्लारा के भाजपा कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को जिला कलेक्टर को सामूहिक ज्ञापन दिया। जिसमे क्षेत्र में विगत कई दिनों से पशु पक्षी के पानी की किल्लत देखी गई जिसके चलते सोम कमला आंबा केनाल भबराना नहर में पानी की सप्लाई हेतु जिला कलेक्टर को ज्ञापन दिया दिया गया।

ज्ञापन देते समय मौजूद भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष अंबालाल चौधरी पूर्व मंडल अध्यक्ष हितेश जोशी, किसान मोर्चा अध्यक्ष वालाराम पटेल, भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष दिनेश पंचाल, देवगांव सरपच जयंती लाल मीणा, पंचायत समिति सदस्य भगवान लाल नागदा, नानजी पटेल देवगांव, मागुनाथ जोगी आलपुर कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे साथी ही जिला कलेक्टर महोदय पूर्ण रूप से आश्वत करवाया की जल्दी ही संबंधित अधिकारी से समस्या का निराकरण कर दिया जाएगा।

## विश्व मजदूर दिवस पर श्रमिकों का किया सम्मान




पद्मावत मीडिया

**उदयपुर ।** सावित्रीबाई फुले पर्यावरण शिक्षण संस्थान के तत्वावधान में गुरुकुल महाविद्यालय के संकुल परिसर में बुधवार को विश्व मजदूर दिवस पर श्रमिक सम्मान समारोह मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वल्लभनगर के पूर्व विधायक व प्रमुख समाजसेवी रणधीर सिंह भींडर, विशिष्ट अतिथि लिपि डाटा उदयपुर के पूर्व महाप्रबथक विश्वजीत पानेरी, लालपुरा सरपंच चारु मीना, सावित्रीबाई फुले पर्यावरण शिक्षण संस्थान के संस्थापक दिनेश माली, गुरुकुल प्राचार्य डॉ.मनीष सक्सेना, रामकिशन शिक्षक प्रशिक्षण प्राचार्य डॉ.रंजना साल्जिया, ज्योतिबा फूले शिक्षण संस्थान के निदेशक श्रीमान दिवाकर माली थे। मुख्य अतिथि भीण्डर ने संस्थान द्वारा जनजाति क्षेत्र में करवाए गये विकास की सराहना करते हुए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। विश्वेंद्रजीत पानेरी ने शिक्षा का महत्व बताया और पुरस्कृत कार्मिकों को बधाई दी।

कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं संविधान की उद्देशिका शपथ से किया गया। इस कार्यक्रम में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के चतुर्थ कर्मचारी, पोषाहार कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं महाविद्यालय के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी सहित 92 श्रमिकों को परितोषिक दिया गया। अतिथियों का परिचय एवं संस्था का परिचय निदेशक दिनेश माली ने दिया। कार्यक्रम का संचालन प्रमोद आमेटा एवं डॉ प्रतिभा चित्र ने किया। आभार प्राचार्य डॉ.रंजना सालगिया ने जताया।

## गोल्डी बराड़ की अमेरिका में मौत



**अमृतसर।** पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड के मुख्य आरोपी गैंगस्टर गोल्डी बराड़ की अमेरिका में मौत हो गई है। एक अमेरिकी न्यूज चैनल ने दावा किया कि अमेरिका के फेयरमोंट और होल्ट एवेन्यू में मंगलवार शाम 5:25 बजे गोल्डी बराड़ को गोलियां मारी गईं। गोल्डी बराड़ अपने एक साथी के साथ घर के बाहर गली में खड़ा था। इसी दौरान कुछ बदमाश आए और गोलियां मारकर भाग गए। एक चैनल को अमेरिकी पुलिस अधिकारी लैसली विलियम्स ने बताया कि 2 व्यक्तियों को अस्पताल में दाखिल करवाया गया था, जिसमें से एक की मौत हो चुकी है। बराड़ के विरोधी गैंगस्टर अर्श डल्ला और लखबीर ने गोल्डी की हत्या की जिम्मेदारी ली है। दोनों ने दावा किया है कि गोल्डी पर उन्होंने दुश्मनी के चलते गोलियां चलवाई हैं। फिलहाल लॉरेंस या अन्य किसी भी गैंगस्टर की इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

## श्रमिक औजार की आकृति में पुस्तिका बनाई

पद्मावत मीडिया

**उदयपुर ।** कला के विविध मंचों पर अपना विशिष्ट पहचान रखने वाले शहर के ख्यातनाम शिल्पकार चन्द्र प्रकाश चित्तौड़ा ने श्रमिक दिवस पर श्रमिक औजार की आकृति में पुस्तिका बनाकर श्रमिकों को हार्दिक शुभकामनाएं दी है। चित्तौड़ा के अनुसार राष्ट्र के विकास को गति प्रदान करने में श्रमको का अहम योगदान है। एक श्रमिक अपनी मेहनत के दम पर परिश्रम कर विभिन्न रचनाओं को आकार देता है। पुस्तिका में उन्होंने श्रमिकों के हितों में लिए गये



कई महत्वपूर्ण निर्णयों को भी शामिल किया है।

## कटिंग के बहाने गूगल ने पूरी टीम को नौकरी से निकाला

**नई दिल्ली ।** दुनिया की दिग्गज कंपनी गूगल में कॉस्ट कटिंग के बहाने पूरी टीम को बाहर का रास्ता दिखा दिया है। बीते कुछ महीनों से लगातार जॉब कट की खबरें आ रही हैं। कॉस्ट कटिंग के नाम पर अब गूगल ने एक और बड़ा फैसला लिया है। गूगल ने इस मामले पर बात करते हुए टेक 'ंच को बताया कि छंटनी का नया दौर कंपनी की ऑर्गनाइजेशनल रिस्ट्र• रिंग का हिस्सा है। गूगल ने आगे कहा कि कंपनी ने पाइथन से निकाले गए कर्मचारियों को दूसरी टीमों में शामिल होने का ऑफर भी दिया है। गूगल ने यह भी कहा है कि वह निकाली गई टीम को मुआवजा देने के बारे में सोच रहा है। गूगल ने आगे कहा कि उसे उम्मीद है कि गूगल और निकाली गई टीम के बीच कोई समस्या नहीं होगी। गूगल के अनुसार अगर आंतरिक रूप से चीजें काम नहीं करती हैं, तो हो सकता है कि नौकरी की संभावनाओं पर भी ध्यान दिया जाएगा। इस साल गूगल में छंटनी के बारे में हमें कई बार सुनने को मिल है। उम्मीद की जा रही है कि कंपनी अगले लेऑफ से पहले एम्प्लॉयीज को झटका देने की बजाय चीजों प्लान करेगी।

रिपोर्ट के अनुसार गूगल ने अपनी पूरी पाइथन टीम को नौकरी से निकाल दिया है। बताया जा रहा है कि कंपनी यूनाइटेड स्टेट्स के बाहर सस्ते एम्प्लॉयीज को काम पर रख कर पाइथन के बिजनेस को रन के बारे में सोच रही है।इस हफ्ते की शुरुआत में आई एक रिपोर्ट के अनुसार गूगल जर्मनी के म्यूनिख में एक नई टीम को सेट करने जा रहा है। इसकी कॉस्ट गूगल के लोकल टैलेंट्स की सैलेरी से काफी कम होगी। पायथन टीम इंजीनियरों का एक ग्रुप है, जो अलग-अलग




प्रोडक्टस में यूज की जाने वाली प्रोग्रामिंग लैंग्वेज की डिमांड और इशूज को संभालते हुए उन्हें स्टेबल रखता है। रिपोर्ट में यह नहीं बताया गया है कि इन बदलावों से गूगल की कितनी बचत होगी। हालांकि, ऐसा लग रहा है कि कंपनी अपने इस फैसले से खुश है।

# राज सहकार पोर्टल पर ऑडिट प्रस्ताव 31 मई तक

पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** उदयपुर संभाग की सहकारी संस्थाओं के वैधानिक अंकेक्षण हेतु सहकारिता विभाग द्वारा ऑडिट वर्ष 2023-24 वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए ऑडिट प्रस्ताव राजसहकार पोर्टल पर 31 मई तक अपलोड किए जा सकेंगे। सहकारी समितियाँ उदयपुर खण्ड क्षेत्रीय के अंकेक्षण अधिकारी सौरभ शर्मा ने बताया कि राजस्थान सहकारी सोसायटी नियम, 2001 के नियम 2003 के नियम 73(4) के प्रावधानुसार प्रत्येक सहकारी सोसायटी आगामी वित्तीय वर्ष के मई मास के अन्त यथा 31 मई तक प्रत्येक वित्तीय वर्ष के लिए अन्तिम लेखों की लेखा परीक्षा के लिए किसी लेखा परीक्षक या लेखा परीक्षा फर्म को नियुक्त कर सकेगी, इस हेतु प्रस्ताव संचालक मण्डल की बैठक में लिया ई-मेल द्वारा भेजे गए प्रस्ताव स्वीकृत नहीं किए जावेंगे। जाएगा तथा ऑडिट हेतु दिए जाने वाले ऑडिट पारिश्रमिक का विवरण भी देना होगा। वर्तमान वर्ष 2024 में जो भी संस्थाएं ऑडिट हेतु प्रस्ताव ले चुकी है राज सहकार पोर्टल पर प्रस्तावों को मय हस्ताक्षर अपलोड करें। इसके पश्चात् सहकारी समितियों के प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे और विभाग द्वारा आवंटन कर दिया जाएगा।

# श्रमिक कल्याण योजनाएं निःशुल्क, ठग गिरोह से सावधान रहने की अपील

पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** भवन एवं अन्य संनिर्माण श्रमिक कल्याण मंडल की ओर से पंजीकृत निर्माण श्रमिकों/हिताधिकारियों के लिए प्रदेश में संचालित विभिन्न योजनाएं निःशुल्क हैं। इसके बावजूद कतिपय लोग योजनाओं की स्वीकृति आदि के नाम पर श्रमिकों से शुल्क वसूल कर ठगी कर रहे है। ऐसे लोगों के खिलाफ पुलिस कार्यवाही भी जारी है।संभागीय संयुक्त श्रम आयुक्त संकेत मोदी ने बताया कि भवन एवं अन्य संनिर्माण श्रमिक कल्याण मण्डल, राजस्थान द्वारा प्रदेश के पंजीकृत निर्माण श्रमिकों/हिताधिकारियों के हितार्थ विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं (यथा निर्माण श्रमिक शिक्षा एवं कौशल योजना, प्रसूति सहायता योजना, सामान्य अथवा दुर्घटना में मृत्यु या घायल होने की दशा में सहायता योजना, आदि) का संचालन कर प्रदेश के विभिन्न पंजीकृत निर्माण श्रमिकों/हिताधिकारियों का कल्याण किया जा रहा है। विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के आवेदनों की स्वीकृति के उपरान्त सहायता राशि का भुगतान मण्डल स्तर से प्रदेश के विभिन्न हिताधिकारियों के खातों में डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित किया जाता है। मण्डल की समस्त कल्याणकारी योजनाएँ निःशुल्क होकर इनकी स्वीकृति हेतु किसी प्रकार की राशि/शुल्क देय नहीं है।

**खुद को श्रम विभाग के अधिकारी बता कर रहे ठगी**

संयुक्त श्रम आयुक्त ने बताया कि विगत समय से प्रदेश में ठगों के गिरोह द्वारा मण्डल कल्याणकारी योजनाओं हेतु ठगी की घटनाएँ कारित करते हुए उदयपुर के निर्माण श्रमिकों/हिताधिकारियों से भी ठगी की गई है। इस सम्बन्ध में मोबाइल नम्बर 9799088943 7340058094 9050257960 का उपयोग करते हुए ठगों द्वारा स्वयं को श्रम विभाग का अधिकारी/कर्मचारी बताकर ठगी की घटनाओं का अंजाम देने का प्रयास किया गया है। विभाग ने जिला पुलिस अधीक्षक, उदयपुर के समक्ष शिकायत भी दर्ज कराई है, जिसमें कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।

**पुलिस अथवा विभाग में दर्ज कराएं शिकायत**

मोदी ने कहा कि यदि किसी व्यक्ति/संस्थान द्वारा इस सम्बन्ध में किसी प्रकार की राशि/शुल्क की माँग की जाती है, तो ऐसे व्यक्ति/संस्थान के विरूद्ध नियमानुसार पुलिस थाने अथवा श्रम विभाग, उदयपुर (0294-2413729) में शिकायत दर्ज कराई जानी चाहिए, ताकि इस सम्बन्ध में नियमानुसार आगामी कार्यवाही की जाकर जिले के निर्माण श्रमिकों/हिताधिकारियों को ठगी से बचाया जा सके।

# स्मार्ट सिटी एसीईओ ने आयड़ नदी के कार्यों का किया निरीक्षण



पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** उदयपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी कृष्णपाल सिंह चौहान ने आयड़ नदी के कार्यों का निरीक्षण किया। उदयपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के आयड़ पुनरोद्धार प्रोजेक्ट में पूला से ठोकर चौराहा तक पुनरोद्धार का कार्य किया जा रहा है, जिसकी कुल लंबाई 5 किलोमीटर है। वर्तमान में 70 प्रतिशत कार्य पूर्ण किया जा चुका है। एसीईओ चौहान ने आयड़ नदी के पुनर्रोधार के कार्यों पर अधिकारियों, पीएमसी इंजीनियर्स तथा ठेकेदारों से विस्तृत में चर्चा की। निरीक्षण के दौरान कार्यों की धीमी गति को लेकर नाराजगी व्यक्त की गई। पूर्व में संवेदकों को लगातार मौखिक व लिखित निर्देश दिए जाने के बाबजूद भी संतोषजनक प्रगति नही हो पायी है। इसके लिए संवेदकों पर शास्ति लगाते हुए डी-बार किये जाने की प्रक्रिया प्रारंभ करने के निर्देश दिए। इस दौरान अधिशासी अभियंता दिनेश पंचोली, पीएमसी से मुख्य निर्माण प्रबंधक अरुण श्रीमाली, सहायक निर्माण प्रबंधक अमित यादव, एवं अन्य इंजीनियर्स मौजूद थे।

# एनिमल प्रोटेक्शन सोसाइटी ने राजस्थान के राजकीय पशु ऊंटनी राधा का रेस्क्यू मावली गांव सांगवा से किया

पदमावत मीडिया



**उदयपुर ।** एनिमल प्रोटेक्शन सोसाइटी के पास राधा ऊंटनी की कंप्लेंट मावली सांगवा गांव से आयी थी जिसका एक्सीडेंट हो गया था। पिछले 10 दिन से वह टूटे हुए पांव के साथ गांव में एक ही जगह बैठी हुई थी । राधा का मालिक राधा को छोड़ कर चला गया था। संस्था को खबर मिलते ही संस्था ने ऊंट को गांव वालो को मदद से रेस्क्यू करके उदयपुर बहुद्देशीय पशु चिकित्सालय में डॉ मेहता की देख रेख में अस्पताल भर्ती करवाया है। टीम से किरण भावसार,डॉ माला मट्ठा ,राज सिंह भाटी,भावना जैन ,अविचल गाँधी मौजूद थे। इस रेस्क्यू में सांगवा सरपंच साहब कोमल मेघवाल पशु कंपाउंडर योगेश मेघवाल पिंटू जी नारायण जी कपिल जी ने बहुत मदद करी है ।

# कयामपुर मे मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन व शपथ दिलवाई

पदमावत मीडिया

**नाहरगढ ।** कलेक्टर महोदय, मुख्य कार्य पालन अधिकारी जिला पंचायत महोदय मन्दसौर एवं जिला शिक्षा अधिकारी महोदय मन्दसौर के निर्देशानुसार मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत संकुल केन्द्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कयामपुर के प्राचार्य विक्रम शर्मा, बीआरसीसी राकेश आचार्य, बीएलओ सुपरवाइजर जुझारलाल चौहान, विजय पांडे, जन शिक्षक द्वय जगदीश नागर , प्रहलाद गुप्ता, कयामपुर के समस्त बीएलओ, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ,सहायिका कयानपुर तथा आसपास के शिक्षक, शिक्षिकाओं एवं अतिथि शिक्षक साथियों द्वारा बस स्टैंड कयामपुर पर स्टीकर अभियान के अंतर्गत वाहनों पर मतदान हेतु प्रेरित करने के लिए वाहनों स्टीकर लगाए गए। समस्त उपस्थित लोगों को प्राचार्य एवं मास्टर ट्रेनर विक्रम शर्मा ने शपथ दिलवाई गई। इसके बाद वाहन रैली कयामपुर गाँव में निकालकर ग्राम कयामपुर के नागरिकों वोट करने हेतू प्रेरित किया।

# मॉर्निंग वॉक ग्रुप डायमंड का अयोध्या प्रस्थान



पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** मॉर्निंग वॉक ग्रुप डायमंड धार्मिक यात्रा के तहत रामलला के दर्शन के लिए 25 सदस्यों का दल रवाना हुआ। संयोजक नरेश पूर्बिया ने बताया कि ग्रुप के सदस्यों ने आज बोहरा गणेश जी के दर्शन कर , सफल धार्मिक यात्रा की प्रार्थना की। फिर घाटा वाली माता जी देबारी का आशीर्वाद लिया और रामलला के दर्शन हेतु अयोध्या के लिए प्रस्थान किया । मथूरा, वृंदावन, गोवर्धन,बरसाना, मेहंदीपुर बालाजी,नेमीचारायण,अयोध्या ,काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग वाराणसी, प्रयागराज संगम, चित्रकूट ,गोकुल, गोरखनाथ की धार्मिक यात्रा की जाएगी।मधुबाला नरेश पूर्बिया, उर्मिला दिलीप अग्रवाल, मधु डीपी लक्ष्कार, यामिनी अरविंद जोशी, सुशीला देवी लाल कुम्हार, श्यामा नर्मदा शंकर चौबीसा, शैलजा गुप्ता ,मंजू एस एल भोई, प्रेम देवी भोले शंकर मेनारिया, दुर्गा देवी भंवरलाल मेनारिया, रेखा राजेश चौधरी, मोना कमलेश नेभनानी सहित सभी सदस्यों ने अयोध्या प्रस्थान किया।

# कलेक्टर ने 8 आदतन अपराधियों को किया जिलाबदर

पदमावत मीडिया

**मंदसौर/नाहरगढ।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट दिलीप कुमार यादव द्वारा राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 5(क)(ख) के तहत 8 आदतन अपराधी इकबाल पिता बाबुखां मेव निवासी खिलचीपुरा, गुणवन्त पिता धनश्याम पाटीदार निवासी बुढ़ा, आशिक पिता इब्राहिम कोडा निवासी मुल्तानपुरा, अभिषेक उर्फ गोलु पिता कृष्णकान्त पोरवाल निवासी दलौदा, अनिल पिता रतनलाल गायरी निवासी अंबिका नगर दलौदा, भूरा उर्फ भुरु पिता एहमद मथारिया निवासी मुल्तानपुरा, रणजीत पिता जसवन्तसिंह शक्तावत निवासी मुंदेड़ी एवं भारत उर्फ बिच्छू पिता विष्णु रत्नावत निवासी ग्रामरविदास मोहल्ला नरसिंहपुरा मंदसौर जिलाबदर करने का आदेश जारी किया है।

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने आदेशित किया है, कि ये जिला बदर अवधि में मंदसौर जिले की राजस्व सीमा के साथ ही नीमच, रतलाम, उज्जैन, आगर मालवा एवं शाजापुर जिले की राजस्व सीमा में बगैर अनुमति के प्रवेश नहीं कर सकेगें ।

# पीएमसीएच में चिकित्सा शिक्षा प्रौद्योगिकियों पर कार्यशाला सम्पन्न

पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** पेसिफिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल भीलो को बेदला में चिकित्सा शिक्षकों (चिकित्सा शिक्षा में बुनियादी पाठ्यक्रम) के लिए चिकित्सा शिक्षा प्रौद्योगिकियों पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला समन्वयक जनरल सर्जरी के प्रोफेसर डॉ. गौरव वधावन ने बताया कि राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग के पर्यवेक्षक डॉ.मेधा माथुर, एसोसिएट प्रोफेसर, सामुदायिक चिकित्सा, गीतांजलि मेडिकल कॉलेज की देखरेख में आयोजित इस कार्यशाला में 28 अप्रैल से 1 मई 2024 तक पीएमसीएच की फैकल्टी द्वारा प्रशिक्षित किया गया।




पीएमयू के प्रिसिडेन्ट डॉ.एम.एम.मंगल ने बताया कि इस कार्यशाला में 30 प्रतिभागियों (संकाय सदस्यों) ने भाग लिया इस कार्यशाला का उद्देश्य नए योग्यता आधारित चिकित्सा शिक्षा पाठ्यक्रम के अनुसार मेडिकल छात्रों को पढ़ाने के लिए संकाय सदस्यों को प्रशिक्षित करना जिससे कि आने वाले समय मे नए चिकित्सक सक्षम और कुशल हो सके जो मरीजो का अच्छे तरीके से इलाज कर वैश्विक मानकों के अनुरूप अपने देश की सेवा करने में सक्षम हों।

# अप्रैल महीने में जीएसटी संग्रह दो लाख करोड़ के पार

**नई दिल्ली ।** देश का सकल जीएसटी संग्रह अप्रैल में 2.10 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गया है। यह पिछले साल अप्रैल महीने की तुलना में 12.4 प्रतिशत अधिक है। घरेलू लेनदेन और आयात में मजबूत तेजी को जीएसटी संग्रह में बढ़ोतरी की वजह बताया गया है।

वित्त मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि जीएसटी संग्रह दो लाख करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर गया है। मंत्रालय ने कहा कि सकल वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह अप्रैल 2024 में 2.10 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गया। यह सालाना आधार पर 12.4 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि को दर्शाता है, जो घरेलू लेनदेन (13.4 प्रतिशत की वृद्धि) और आयात (8.3 प्रतिशत की वृद्धि) में मजबूत वृद्धि के दम पर मुमकिन हो पाया।

**अप्रैल 2023 की तुलना में 17 प्रतिशत की प्रभावशाली वृद्धि**

अप्रैल 2023 में जीएसटी संग्रह 1.87 लाख करोड़ रुपये था। रिफंड के बाद अप्रैल 2024 में शुद्ध जीएसटी संग्रह 1.92 लाख करोड़ रुपये रहा, जो कि पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 17.1 प्रतिशत की प्रभावशाली वृद्धि को दर्शाता है। अप्रैल में केंद्रीय जीएसटी संग्रह 43,846 करोड़ रुपये और राज्य जीएसटी 53,538 करोड़ रुपये रहा। एकीकृत जीएसटी 99,623 करोड़ रुपये रहा जिसमें आयातित वस्तुओं पर मिले 37,826 करोड़ रुपये शामिल हैं। उपकर संग्रह 13,260 करोड़ रुपये रहा, जिसमें आयातित वस्तुओं पर संग्रहित 1,008 करोड़ रुपये शामिल हैं। मार्च 2024 में जीएसटी संग्रह 1.78 लाख करोड़ रुपये रहा था। मार्च के जीएसटी संग्रह में रिफंड के बाद शुद्ध जीएसटी राजस्व 1.65 लाख करोड़ रुपये रहा, जो कि पिछले साल मार्च महीने की तुलना में 18 प्रतिशत की वृद्धि है।




# निदेशक मंडल का प्रशिक्षण हुआ आयोजित



पदमावत मीडिया

**झाडोल ।** जेआर शर्मा आईटीआई कॉलेज झाड़ोल में एक दिवसीय निदेशक मंडल का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इस दोहरान प्रशिक्षण में चार कंपनियों के निदेशक मंडलों का प्रशिक्षण कार्य' म सम्पन्न हुआ। जिसमें फलासिया फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड फलासिया, कमलनाथ एग्रो प्रोड्यूसर कंपनी झाडोल धिराया, फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड कोटडा, डरी फला एग्रो प्रोड्यूसर कंपनी नया गांव, निदेशक मंडलों को कृषि संबंधी जानकारी एवं अधिक से अधिक सदस्य संख्या जोड़ने एवं बिजनेस प्लान की जानकारी दी गई। कंपनी की सुरक्षा एवं दस्तावेज संबंधित प्रशिक्षण बैठक में नाबार्ड से जिला प्रबंधक श्नीरज यादव ने प्रत्येक कंपनी की समीक्षा बैठक प्रगति संबंधी जानकारी ली। बिजनेस प्लान की जायजा लिया। राजस्थान बाल कल्याण समिति से सीबीबीओ आरडी वर्मा दिव्यराज सिंह, मुकेश गोड, मनसवी राजमाली, दीपक गादी एफपीओ से सुंदर सिंह गरासिया, भोपाल सिंह, लाल सिंह गरासिया, देवीलाल कृषि अधिकारी शिवदयाल मीणा ने सभी प्रशिक्षक को कृषि संबंधी जानकारी दी। सब्सिडी के बारे में बताया गया साथ ही विभिन्न योजना की जानकारी दी। सब्सिडी कैसे मिलती है उनकी जानकारी से अधिक किसानों को लाभान्वित करने का समय पर दवाई खाद एवं सीड्स उपलब्ध कराने अधिक से अधिक संख्या में किसानों को लाभ पहुंचाने की जानकारी सभी को लाइसेंस लेने का निवेदन किया। इस दोहरान डी वर्मा ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# सवारीयों से भरी क्रूजर गाड़ी पलटने से हादसा , हादसे में एक महिला एवं एक पुरुष की मौके पर ही मौत, 10 गंभीर रूप से घायल

पदमावत मीडिया

**प्रतापगढ़ ।** प्रतापगढ़ में एक सवारीयों से भरी क्रूजर गाड़ी पलटने से हादसा हो गया। हादसे में एक महिला एवं एक पुरुष की मौके पर ही मौत हो गई जबकि 10 गंभीर रूप से जख्मी हो गए ।क्रूजर में सवार अधिकांश व्यक्ति दलोट में खरीदारी के लिए जा रहे थे। हादसे के बाद क्रूजर चालक मौके से फरार हो गया।

अरनोद थाना अधिकारी सुरेंद्र सोलंकी ने बताया कि नांदीखेड़ा और आसपास के गांव के लोग एक क्रूजर में सवार होकर खरीददारी के लिए दलोट गांव की ओर जा रहे थे।रास्ते में सालमगढ़ घाट क्षेत्र में चढ़ाई के दौरान चालक की लापरवाही से क्रूजर गाड़ी रिवर्स आने लगी। इसके बाद चालक ने अपना नियंत्रण वाहन पर से खो दिया और गाड़ी पलट गई।हादसे के बाद मौके पर चीख पुकार मच गई ।सूचना पर अरनोद थाना पुलिस और 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची ।गाड़ी पलटने से एक महिला और एक पुरुष की मौके पर ही मौत हो गई जबकि 10 व्यक्ति घायल हो गए ।सभी को उपचार के लिए प्रतापगढ़ के जिला चिकित्सालय लाया गया है जहां उनका उपचार जारी है। हादसे के बाद क्रूजर चालक मौके से फरार हो गया। क्रूजर में सवार व्यक्तियों ने बताया कि घाट क्षेत्र में सड़क निर्माण का कार्य चल रहा था। चालक को यात्रियों ने इस मार्ग से ले जाने से मना किया था लेकिन वह नहीं माना।



# जिला कलक्टर ने किया जिला चिकित्सालय का निरीक्षण

पदमावत मीडिया

**प्रतापगढ़ ।** जिला कलेक्टर डॉ. अंजलि राजोरिया जिले में समुचित स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता को लेकर कटिबद्ध है। इसी क्रम में उन्होंने बुधवार को जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

उन्होंने निरीक्षण के दौरान उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिये कि चिकित्सालय में आने वाले मरीजों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होवे। साथ ही उन्होंने चिकित्सालय के शौचालयों की नियमित रूप से साफ-सफाई कराने के निर्देश भी दिए। उन्होंने दवाइयों की उपलब्धता की जानकारी लेकर मरीजों को समय पर दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करवाने दिशा निर्देश भी दिए।



जिला कलक्टर ने मरीजों एवं उनके परिजनों से बातचीत करते हुए अस्पताल की व्यवस्थाओं व वहां मिल रही सुविधाओं का फीडबैक लिया। साथ ही उन्होंने दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने, चिकित्सालय में मूलभूत सुविधाएं दुरुस्त रखने, शौचालयों की स्थिति अच्छी रखने एवं साफ-सफाई नियमित तौर पर करवाने के दिशा निर्देश भी दिए।

# शिल्पा जैन का समर्थन कर मानवाधिकार सुरक्षा संगठन का किया सभी संस्थाओं ने बहिष्कार

पदमावत मीडिया

**निंबाहेड़ा ।** सभी सामाजिक सस्थांओ के पदाधिकारियो के सानिध्य में एक मीटिंग नगर के पेंशनर भवन में आयोजित की गई जिसमे मानवाधिकार सुरक्षा संगठन के उच्च पद पर आसीन शिल्पा जैन सहित कई सदस्यों को संगठन से निस्कासित करने को लेकर एवम लोकल स्तर पर न्यूज़ नही लगने पर अन्य जिलों में गलत न्यूज़ लगवा कर महिलाओं की छवि को धूमिल करने हेतु अपना पक्ष मय साक्ष्य उपस्थित सभी पदाधिकारीयो के सम्मुख प्रस्तुत किए जिस पर चर्चा करते हुए प्रस्तुत तथ्यों के आधार पर सभी ने शिल्पा जैन को सही बताते हुए संगठन की कार्य प्रणाली पर ही सवाल उठाए साथ ही संगठन द्वारा की गई एक तरफा जांच को गलत बताते हुए जांच निष्पक्ष करवाने की जोर दिया वही संगठन के उच्च अधिकारीयों द्वारा स्थानीय कार्यकारणी व सदस्यो से सदस्यता के नाम पर व सेवा के नाम पर वसूली जा रही मोटी रकम का हिसाब सरकार द्वारा उक्त सगठन के पदाधिकारियों से पूछने बाबत सुझाव दिया। साथ जब तक जांच पूरी नहीं शिल्पा जैन सहित निस्कासित सभी पदाधिकारियों को यथा स्थिति रखना चाहिए। जांच अधिकारियों द्वारा नियमों से परे जाकर जांच से पहले ही निस्कासन की कार्यवाही की वो गलत है। संगठन के द्वारा भेजे गए जांच अधिकारियों के सम्मुख शिल्पा जैन ने को 7 पृष्ठ का जवाब प्रस्तुत किया उसे नजरंदाज करते हुए जवाब नही देने का आरोप लगाते हुए निष्कासन की कार्यवाही की सभी सामाजिक संगठनों ने कड़े शब्दो में निंदा करते हुऐ शिल्पा जैन के समर्थन में मानवाधिकार सुरक्षा संगठन का पूर्ण रूप से बहीष्कार किया गया एवं शिल्पा जैन एवं उनकी टीम के द्वारा किए गए पूर्व के कार्यो को सराहाते करते हुए उन्हे अपने स्वयं के नाम से संस्था बनाकर कार्य करने का सुझाव दिया। निम्न सामाजिक संगठनो ने अपनी सहमति प्रदान की पल्लवन , भारत विकास परिषद, भारतीय जैन संघटना, लायनेस क्लब, प्रबुद्ध नागरिक सेवा संस्थान, भाजपा महिला मोर्चा, विश्व हिंदू परिषद, वरिष्ठ नागरिक मंच, हेल्पिंग हैंड फूड कैंपेन, निशांत अकैडमी सेवा समिति, विश्व हिंदू परिषद, कृति संस्थान, ब्रह्माकुमारी आश्रम, महावीर इंटरनेशनल पद्मिनी, जैन जागृति सेंटर, सकल युवा मंच श्री राम सेवा संस्थान गौशाला एवं संस्कार आश्रम एवं अनेक सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं संगठन के पदाधिकारी एवं मीडिया प्रभारी ने अपना सहयोग प्रदान किया

# लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जगह जगह मतदान हेतु जागरूकता अभियान




पदमावत मीडिया

**झारखंड ।** राज्य में मतदान हेतु जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है और मतदाताओं को लोकतंत्र के इस महायज्ञ में अपनी आहुति देने की अपील की जा रही है इसी तारतम्य में प्रयास एक कदम जागरूकता अभियान टीम के सदस्य लाल भट्ट भुईयाडीह बस्ती में 200 महिलाओं के बीच मतदान के बारे में अपने देश के लिए इस मतदान के कर्तव्य की जानकारी देने पहुंचे साथ ही 18 वर्ष के उम्र के बच्चों को प्रेरित कर उनसे फॉर्म 6 भराया गया और मतदान का महत्व बताया गया। मतदान केंद्र पर 25 तारीख को जाकर मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया साथ ही समझाया गया की हमारे एक वोट से फर्क पड़ता है। इस दौरान प्रयास एक कदम के संस्थापक अध्यक्ष रेनू शर्मा, किशोर सिंह, पल्लवी कौर, नीतू रावत, मीना देवी, डॉक्टर रूबी, ज्योति, राधा, विजय सिंह, गोल्डन पांडे, देवेंदु राय दास उपस्थित थे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं प्रधान सम्पादक - पवन जैन पदमावत, प्रधान कार्यलय - गणेश नगर, कांदिवली वेस्ट, मुंबई, महाराष्ट्र से अमुद्रित ऑनलाइन प्रकाशित । मो. 9594542679, e-mail: padmavatmedia@gmail.com
web. padmavatmedia.in. नोट» (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी)। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुम्बई (महाराष्ट्र) होगा । उक्त ई-पेपर को अवैध रुप से छपवाना कानूनन अपराध है।